## खबर संक्षेप



### बांके बिहारी को अर्पित किये गए 56 भोग

**स्लीमनाबाद।** तहसील मुख्यालय स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर मे महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा यशोदानंदन कृष्ण गोपाल का छठी बधाई उत्सव शनिवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को दोपहर मे महिला मंडल की सदस्यों के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के बाल रूप के दर्शन कर पूजा अर्चना की ओर उन्हें माखन मिश्री का भोग लगाकर 56 भोग अर्पित किये। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण को पालना मे झूलाया गया। पूजा अर्चना के बाद महिलाओ ने एक से बढ़कर एक बधाई गीत ओर कृष्ण मय भजन गाकर आनंदित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओ ने गीतों पर नृत्य कर भगवान श्रीकृष्ण की बधाई मे हिस्सा लिया। देर शाम आरती कर मंगलमय कामना की व प्रसाद का वितरण किया गया।

### विधायक निवास पहुंचें सीएम का हुआ स्वागत



**स्लीमनाबाद।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शनिवार को माइनिंग कॉन्क्लेव कटनी में शामिल होकर रात 9 बजे सड़क मार्ग से होते हुए जबलपुर रवाना हुए जहाँ बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय के पहरेवा स्थित निज निवास में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पहुंचें। विधायक प्रणय पांडेय सहित उनकी माँ ओर भाजपा के बड़े नेताओं ने मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ विधायक के परिवारजनों के साथ सामूहिक छायाचित्र भी लिए गये। 10 मिनट रुकने के बाद मुख्यमंत्री जबलपुर के लिए रवाना हो गये।

### जिले में अब तक 886.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज


**कटनी।** -जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से रविवार 24 अगस्तन तक कुल 886.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1135.6 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 825.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। पिछले वर्ष की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है अधीक्षक भू-अभिलेख अमृता गर्ग ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 965.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रीठी में 1135.6 मिमी, बड़वारा तहसील में 830 मिमी, बरही तहसील में 787 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 792.5 मिमी, बहोरीबंद तहसील में कुल 784 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 988.6 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 806.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## जिले भर में सड़क में मवेशियों की वजह से वाहन चालकों की फजीहत

# हवा हवाई हो गए आदेश, मुख्य मार्गों में मवेशियों के झुण्ड, बड़े हादसे का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हादसों को रोकने एवं सुगम आवागमन की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों सहित मुख्य मार्गों में विचरण करने वाले आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने एवं संबंधित पशुपालकों की पहचान कर कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये गए थे। शुरूआती दिनों में जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने थोड़ी सक्रियता दिखाई एवं कुछ सड़कों में घूम रहे मवेशियों को पकड़कर कांजीहाउस भेजने की कार्यवाही की गई। साथ ही पशु पालकों पर एफआइआर कराई गई लेकिन अब इस ओर किसी का ध्यान नहीं रहा। गुजरते समय के साथ ही कलेक्टर के आदेश अब हवा हवाई हो गए हैं। शहरी हो या ग्रामीण, किसी भी समय सड़कों में आवारा मवेशियों के झुण्ड आसानी से देखे जा सकते हैं। बारिश के इन दिनों में रात्रि के समय सड़कों में मवेशियों के



झुण्ड की वजह से अक्सर वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं।

### किसी बड़े हादसे का इंतजार

सरकारी नुमाइंदों की चेतना तभी जाग्रत होती है जब कोई अप्रिय अनहोनी हो जाती है। बड़े हादसे में कई घायल हो जाए या फिर मौतें हो जाए। नागरिकों के आक्रोश को शांत करने के लिए तत्कालिक तौर पर कार्यवाही की जाती है इसके बाद भी अगले हादसे का इंतजार किया जाता है। सड़कों में मवेशियों की वजह से कभी वाहन चालकों की जान जाती है तो कभी मवेशियों की अकाल मौत हो जाती है। देखा जाए तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बेपरवाही के चलते ही इस तरह की घटनाएं हो जाती है।

### अब कार्यवाही से हो रहा गुरेज

मवेशियों को सड़क में खुला छोड़ने वाले पशुपालकों पर न तो कार्यवाही हो रही और न ही मवेशियों को पकड़ा जा रहा है। जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदि स्वयं दफ्तरों से निकलकर मुख्य मार्गों का जायजा ले तो परिस्थितियों को स्वयं ही देख सकते हैं। जिले में बीते तीन चार माह के दौरान आवारा मवेशियों की वजह से कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है जिनमें कई जानें भी जा चुकी है। बावजूद इसके लापरवाही बरती जा रही है। जिला प्रशासन जारी किये गए आदेशों का सख्ती से पालन नहीं करा पा रहा है जिससे मातहत कर्मचारी भी बेपरवाह बने हुए हैं। पुल पुलियों सहित मोड़ में मवेशियों के अचानक सामने आ जाने की वजह से अक्सर हादसे हो जाते हैं।



## नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए 50 एकड़ भूमि की करें तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कटनी में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संयुक्त संचालक, परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय जबलपुर के द्वारा की गई। बैठक के दौरान महाप्रबंधक ज्योवति सिंह, सभी क्षेत्रीय अधिकारी और कक्ष सहायक उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत चल रहे कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गये। जिले को आवंटित 160 के लक्ष्य के मुकाबले 145 प्रकरण बैंकों को भेजे जा चुके हैं, जिनमें से 62 प्रकरण स्वीकृत और 58 में राशि का वितरण हो चुका है। संयुक्त संचालक ने अधिकारियों को अधिक राशि वाले और विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र के अधिक से अधिक प्रकरण तैयार करने को कहा।

बैठक में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत जिले में एक नए औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए अगले एक महीने में लगभग 50 एकड़ भूमि की पहचान करने के निर्देश दिए गए।साथ ही वित्तीय सहायता कक्ष को वित्तीडय सहायता योजना के अंतर्गत पोर्टल पर लंबित प्रकरणों को निपटाने के लिए प्रतिमाह जिला स्तरीय समिति की नियमित बैठक आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त स्थापना कक्ष के कार्यों की समीक्षा करते हुए, संयुक्त संचालक ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ईएचआरएमएस पोर्टल पर पंजीकरण कराने और ई-ऑफिस प्रणाली का उपयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही, आईगॉटकर्मयोगी एप डाउनलोड कर सभी कर्मचारियों को विषयवार प्रशिक्षण लेने के लिए भी निर्देशित किया गया।

*कथा व्यास ने कहा भक्तों का कष्ट हरने अवतरित होते हैं भगवान*

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु, मनोहारी झांकी देख हुए भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

खुल गए सारे ताले क्या बात हो गई, जब जन्मे कन्हैया वाह क्या बात हो गई। नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य अवसर पर जब व्यासपीठ से यह भजन गूंजे तो समूचा वातावरण आनंद से भर गया। अवसर था स्लीमनाबाद स्थित हरिदास मंदिर मे चल रहे सप्ताह ज्ञान मैं कथा के चतुर्थ दिवस रविवार का। इस मौके पर कथा व्यास पंडित दिलीप त्रिपाठी की मौजूदगी में जन्मोत्सव का कथा रस बरसा।

बालकृष्ण की सुंदर झांकी देख श्रद्धालु विभोर हो गए। जन्मोत्सव के खास अवसर के लिए कथा पांडाल



को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। नन्हें मुन्हें बच्चे भी कृष्ण रूप में श्रद्धालुओं को लुभा रहे थे। वसुदेव जब डलिया में बाल कृष्ण को डलिया में लेकर निकले तो उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मच गई। श्रद्धालु कृष्णभक्ति में विभोर होकर नाच उठे।

कथा वाचक ने कहा कि जीव जीवन भर अहंकार में जीता है, लेकिन जब अंत समय निकट आता है तो उसे भगवान याद आते हैं। जीवन भर किए गए पाप अंत समय की गुहार से नहीं कट सकते, इसलिए प्रतिपल भगवान का सुमिरन करते रहे, जिससे आप पाप कर्मों की ओर नहीं बढ़ेंगे और सत्कर्मों की प्रेरणा मिलती रहेगी। वामन भगवान की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि तीन पग यानि धर्म, अर्थ काम हैं, यदि इनका ठीक प्रकार से निवर्हन हो गया तो मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है।

राजा बलि के दान से प्रसन्न होकर भगवान वामन ने जब वरदान देने को कहा तो बलि ने कहा कि भगवन आते जाते बस आपके दर्शन हो जाएं, मुझे और कुछ नहीं चाहिए, इस तरह बलि ने भगवान को अपना द्वारपाल बना लिया। बलि बाद में इंद्र बनकर इंद्र के सिंहासन पर विराजमान हुए। अर्थात भगवान की कृपा जब मिलती है तो संसार के सारे सुख भक्त की झोली में आ जाते हैं। सायकालीन आरती कर कथा को विश्राम दिया गया व प्रसाद का वितरण किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, केशव दुबे, नरेंद्र दुबे ब्रजेश दुबे,अनुराग मिश्रा,जयदीप त्रिपाठी, गोपाल गुप्ता, आदित्य दुबे, नितिन अग्रहरि, राकेश साहू,संजय यादव,गिरानी यादव, नीलेश झारिया, कत्तू झारिया सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

## तीन साल से नहीं लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीण हो रहे परेशान



सरसवाही गांव के सड़क किनारे कोदुलाल यादव के घर के सामने लगा 25 केवी का ट्रांसफार्मर पिछले तीन वर्षों से नहीं लग पाया है। विभाग द्वारा खराब होने पर ट्रांसफार्मर को सुधार के लिए ले जाया गया था, लेकिन आज तक वापस नहीं लगाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर हटाए जाने के बाद से वे लगातार बिजली संकट से जूझ रहे हैं। मजबूरी में वे दूसरे ट्रांसफार्मर से अस्थायी जुड़ाव कर काम चला रहे हैं। कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव में लगे बिजली के तार और केबल जर्जर हालत में हैं। बरसात के दिनों में इनमें करंट दौड़ने लगता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विभागीय अधिकारियों द्वारा बरती जा रही बेपरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश हैं। ग्रामीणों ने नया ट्रांसफार्मर लगाने और केबल बदलने की मांग की है। सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई है। इस संबंध में सहायक यंत्री स्लीमनाबाद अभिषेक गढेवाल का कहना है कि मामला 3 साल पुराना है, अब तक ट्रांसफार्मर क्यों नहीं लगाया गया है। इस मामले पर पड़ताल करेंगे। मैं अभी 4 महीने पहले ही आया हूँ। मेरी जानकारी में ऐसा प्रकरण नहीं है।

## 3200 करोड़ से स्टील प्लांट होगा स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में कटनी में माइनिंग कॉनक्लेव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर कटनी पाठक परिवार की आनंद माइनिंग कॉरपोरेशन - निर्मला मिनरल्स के पार्टनर जियोमिन इण्डस्ट्री के डायरेक्टर एवं सायना ग्रुप के वाईस चेयरमैन यश पाठक ने घोषणा की कि समूह द्वारा मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के सिहोरा तहसील में 3200 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक सायना स्टील प्लांट स्थापित किया जाएगा।

### हजारों को मिलेगा रोजगार

इस स्टील प्लांट की शुरुआत आयरन बैनिफिकेशन यूनिट से होगी, जिसके बाद क्रमिक विस्तार के तहत



पेलेट यूनिट और TMT सरिया प्लांट की स्थापना की जाएगी। इस परियोजना से लगभग 2500 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार, और 5000 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही, राज्य शासन को रॉयल्टी जीएसटी एवं अन्य कर के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग ₹600 करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाएगा।

यह परियोजना न केवल मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और प्रदेश के लिए समृद्धि का नया अध्याय भी लिखेगी। यहाँ यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि कटनी का पाठक परिवार वर्ष 1910 से माइनिंग के क्षेत्र में निरन्तर

*महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दिया जा रहा 12 दिवसीय प्रशिक्षण*

## महिलाओं को जैविक सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम बसाडी में स्व-सहायता समूह की 35 महिलाओं को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 12 दिवसीय जैविक सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।यह प्रशिक्षण संस्था के प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयकअनुपम पाण्डेय के सहयोग से प्रशिक्षक रामसुख दुबे द्वारा दिया जा रहा है।

### ये दी गई जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन के लिए



शासनद्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जैविक सब्जी उत्पादन हेतु जैविक खेती की आवश्यकता जैविक एवं रासायनिक खेती में अंतर के विषय में बतलाया गया। साथ ही रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के असंतुलित उपयोग से भूमि मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण को हो रहे नुकसान की जानकारी दी गई। पौधों के लिए आवश्यक 17 पोषक तत्वों की जानकारी एवं उनका वर्गीकरण, फसलों में लगने वाले कीट, रोगों की जानकारी तथा उनके नियंत्रण की विधियों को बतलाया गया।

प्रशिक्षण में जैविक खाद एवं गोमूत्रएवं नीम पत्ती आदि से कीटनाशक बनाने तथा फसलों में इनके उपयोग की जानकारी दी गई। बताया गया कि देसी गाय के 1 ग्राम गोबर में 300 से 500 करोड़ सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं तथा गोमूत्र में 33 प्रकार के तत्व पाए जाते हैं। गोमूत्र का उपयोग बीज उपचार, जैविक कीटनाशक, शीघ्र खाद एवं पौध पोषण में उपयोग का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान सरपंच विकास कुमार पाल एवं प्रशिक्षार्थी अनीता पटेल, जानकी बाई, द्रोपदी पटेल, मेम कली पटेल, सुनैना पटेल, राधाबाई पटेल एवं पुत्तू बाई पटेल आदि उपस्थित रहीं।

## सुहाग की लंबी उम्र एवं खुशहाली के लिए सुहागिनें रखेंगी निर्जला व्रत

# हरितालिका तीज को लेकर तैयारियों में जुटी महिलाएं, बाजार में भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पति की दीर्घायु कामना को लेकर किए जाने वाले हरितालिका तीज की तैयारी में महिलाएं जुट गई हैं। बाजार में भी भारी भीड़ भाड़ नजर आ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पूजन व श्रृंगार सामग्रियों की दुकानों में महिलाएं खरीदारी करती नजर आई। बांस से बने छोटे-छोटे टोकने और कलश स्थापना करने मिट्टी की सामग्रियों की खरीदारी भी हो रही है। तीज में विशेष तौर पर बनाए जाने वाले गुजिया व अन्य पकवानों की दुकानें भी सजी हैं। निर्जला व्रत तीज के लिए अभी दो दिन का समय है पर महिलाएं साजो सामान जुटाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। हरितालिका तीज को लेकर बाजार सज गया है। बाजार में दुकानें सजने के बाद खरीदारी का



दौर चलता रहा। हरितालिका तीज पर महिलाएं चौबीस घंटे निर्जला रखकर तीज का व्रत धारण करेंगी। तीज व्रत को लेकर घरों में तैयारियां शुरू हो गई है। पर्व के दौरान नए वस्त्रों को पहनने की परंपरा है। ऐसे में कपड़ों की दुकानों में भी महिलाओं की भीड़ दिख रही हैं। दुकानों पर महिलाएं विशेष तौर पर श्रृंगार के सामानों की खरीद में अधिक व्यस्त नजर आईं। सूख, समृद्धि व शांति के लिए महिलाएं इस व्रत को धारण करती हैं। व्रत रखने वाली महिलाएं पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर तीज व्रत की कथा का श्रवण करती हैं। फुलेहरा बांधकर महिलाएं पूजन करती हैं।

### प्राचीन काल से चल रही परंपरा

इस व्रत में महिलाएं गौरी-गणेश के साथ ही भगवान शंकर की पूजा अर्चना करती हैं। प्राचीन समय से ही इस व्रत को करने की परंपरा चली आ रही है। त्रेता काल में भी सुहागन महिलाओं द्वारा इस व्रत को किए जाने की कथा प्रचलित रही है। इस व्रत को धारण करने वाली महिलाएं सुहाग के सामानों का ही दान करती हैं। यही कारण है कि अब सुहाग की सामग्रियों के पैकेट बनाकर व्यापारी भी बिक्री कर रहे हैं। बाजार में सुंदर-सुंदर टोंक नींव में श्रृंगार की सामग्रियां सजाकर महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही है। नगर के मुख्य मार्ग सहित झंडा बाजार में श्रृंगार सामग्रियों की दुकानों में चाहल पहल है बाजार में भी गुजिया मिलने लगा है। सूजी, नारियल व अन्य ड्राई फ्रूट्स व खोए की गुजिया भी बाजार में उपलब्ध है। महिलाएं घरों में बनाना पकवान बनाती हैं। तीज में हर घर में साफ सफाई का ख्याल रखते हुए व्रती महिलाएं गुजिया बनाती है।

### ऐसा है पौराणिक महत्व

इस पर्व का पौराणिक आधार माता पार्वती और भगवान शिव के दिव्य मिलन से जुड़ा है। ऐसा माना जाता है कि माता पार्वती ने 108 बार जन्म लिया था और कठोर तप कर शिव जी को पति रूप में प्राप्त किया। हरियाली तीज का व्रत उसी तपस्या और समर्पण की स्मृति में रखा जाता है। विवाहित स्त्रियां अपने पति के दीर्घायु और सुखमय जीवन के लिए निर्जला व्रत रखती हैं, जबकि कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की कामना करती हैं। हरियाली तीज धार्मिक आस्था के साथ साथ नारी-संवेदना और सामाजिकता का भी प्रतीक है।

## भजनों की प्रस्तुति और नृत्य से कलाकारों ने बांधा समा, भगवान की निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

गोविंदा आला रे आला जरा मटकी संभाल ब्रजवाला रे, नंदलाला यशोदा लाला बड़ो नटखट है ये बांसुरी वाला। एक से बढ़कर एक गगनभेदी जयघोष की गूंज ,गोविंदाओं की होड़ यह नजारा पुष्पावती नगरी बिलहरी में रविवार को देखने को मिला। भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव भव्यता व धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव पर 15 से 20 गाँवो के यादव समाज के लोग उपस्थित हुए।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर ग्राम पंचायत खरखरी न.2 के श्रीकृष्ण राधे मंदिर से शोभायात्रा पूजन अर्चना के बाद शुरू हुई। 10 किलोमीटर की दूरी तय कर शोभायात्रा बिलहरी के शारदा मंदिर पहुँची। जहां गांव भ्रमण के लिए



शोभायात्रा निकाली गई व चल समारोह आयोजित हुआ। शोभायात्रा गौरैया बाबा के पास पहुँची।जहां गौरैया बाबा की पूजा अर्चना कर गांव खुशहाली की कामना की गई। चल समारोह पुष्पावती नगरी बिलहरी के गलियों-गलियों से होते हुए मुख्य बाजार पहुँची।जहां गोविंदाओं ने हैरतअंगेज करतबो का प्रदर्शन किया। उपस्थित जनमानस के द्वारा गोविंदाओं का तालियां बजा बजाकर हौसला बढ़ाया गया है। गोविंदाओं के हैरतअंगेज करतबो के बीच भगवान श्रीकृष्ण की जयजयघोष के नारे भी गुंजायमान हो रहे थे। इस दौरान अवधेश यादव, यजुवेन्द्र यादव, खेमचंद्र यादव, राधे यादव, राधिका प्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मानव कल्याण समिति ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**कटनी।** समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय समर्पण मानव कल्याण समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ-साथ अनेक आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। समिति के अध्यक्ष मो. शादाब खान ने कहा कि संगठन समाज कल्याण की दिशा में निरंतर कार्यरत है। समय-समय पर समिति द्वारा ऐसे शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि "रक्तदान महादान है, इससे न केवल जीवन बचता है बल्कि दान करने वाले को भी आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है। शिविर में रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट एवं रिफ्रेशमेंट भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम स्थल पर मानवता की सेवा ही सच्ची पूजा है का संदेश प्रमुखता से दिया गया। शिविर के आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी कृष्णकांत नामदेव, महिला प्रमुख साक्षी सोनिया, सचिव संदीप गुप्ता, प्रभारी अजय मिश्रा, सांस्कृतिक प्रमुख कनक सोनी, सतीश कुमार, सदस्य दुर्गेश केवट, प्रमोद पटेल, भारत नामदेव, अशोक चौहान सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

### जनता की बुनियादी समस्याओं के लिए करेंगे संघर्ष

**कटनी।** आम आदमी पार्टी कटनी इकाई की बैठक सूर्या होटल में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे एवं लोकसभा अध्यक्ष शिवप्रताप परमार उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर ने की। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री रामकिशोर शिवहरे ने जिले में संगठन को मजबूत करने, जनता की समस्याओं को आवाज़ देने और आम आदमी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने पर बल दिया। जिला अध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसे बुनियादी मुद्दों पर संघर्षरत रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर आम आदमी पार्टी की नीतियों और विचारधारा को पहुँचाएँ और जनता की आवाज़ बनें। सेंगर जी ने यह भी घोषणा की कि आम आदमी पार्टी आगामी निकाय चुनावों को मजबूती से लड़ेगी और जनता के मुद्दों को चुनावी मैदान में लेकर उतरेगी।

### बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपित को पकड़ा



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डहेरिया, अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र सिंह धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बरही निरी. शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में बरही पुलिस के द्वारा बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया गया है। बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि बरही थाना क्षेत्र के एक गांव में 19 अगस्त की रात्रि में एक बालिका के गुम होने की रिपोर्ट उसकी मां व्दारा थाना बरही में की गई थी। मामलें को गंभीरता से लेते हुये गुमन इंसान कर बालिका की तलाश के दौरान विगत 20 अगस्त को उसकी दस्तयाबी की गई। बालिका के कथन महिला थाना कटनी से कराया गया जिस पर महिला थाना कटनी में धारा 296, 64(1), 115(2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। बरही थाने में असल अपराध कायम कर मामलें की गंभीरता को देखते हुये आरोपी अंशुल पटेल पिता मनसुख पटेल 24 साल की धडपकड हेतु टीम गठित की गई। आरोपी को चंद घण्टें के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया हैं। कार्यवाही में उप निरी.विनोदकांत सिंह, सउनि.दिनेश गौतम, प्र.आर. अजय पाठक, आर. अवधेश प्रताप सिंह की भूमिका रही।

---

### कलेक्टर के निर्देश पर डाइट कटनी द्वारा प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं की मानीटरिंग

# विद्यालय में न तो टाइम टेबिल बना, न ही पुस्तकालय का किया जा रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में डाइट कटनी द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों की निरन्तरमॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में डाइट फैकल्टी राजेन्द्र असाटी एवं डीआरजी मंगलदीन पटेल द्वारा विगत दिनों शासकीय माध्यमिक शाला पिपरिया कला एवं सिमरिया सानी का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान पाया गया कि पिपरिया कला में राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशों के अनुरूप न तो टाइम टेबल बनाया गया है और न ही पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है। साथ ही शिक्षकों द्वारा लगभग दो माह बीत जाने के बाद भी पाठ्यक्रम माहवार पूर्ण नहीं किया गया है। शिक्षकों द्वारा बिना पाठ योजना के अध्यापन कार्य कराया जाना एवं शिक्षण कक्षों में प्रकाश व्यवस्था के अभाव के साथ ही निर्देशित 15 लक्ष्यों पर भी अपेक्षित कार्य नहीं किया गया है। इन सभी तथ्यों को संज्ञान में लेते हुए डाइट फैकल्टी द्वारा पिपरिया कला की प्रधानाध्यापक को तत्काल माध्यमिक शाला सिमरिया सानी का भ्रमण कराया गया एवं सभी गतिविधियों का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए अपनी शाला के प्रदर्शन में सुधार के निर्देश दिए गए।इसका फॉलोअप 15 दिवस पश्चात किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि सिमरिया सानी प्रधानाध्यापक इंद्रभान निगम के नेतृत्व में शासकीय माध्यमिक शाला सिमरिया सानी द्वारा शिक्षकों, एसएमसी और जन प्रतिनिधियों के सहयोग से विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन, खेल-कूद, पेयजल एवं पुस्तकालय संचालन तथा कार्यालय प्रबंधन हेतु उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई हैं। स्कूल प्रमुख निगम ने बताया कि उन्हें सभी शिक्षक पालकों और जन शिक्षक ने स्कूली व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में निरन्तर सहयोग किया है जिसके कारण उनके विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति एवं शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर हुई है। स्कूल द्वारा बेहतर पर्यावरण के साथ-साथ बच्चों की अकादमिक दक्षताओं को बेहतर करने हेतु कई रचनात्मक प्रयास किए गए है।

इस स्कूल द्वारा किए गए कार्यों के अवलोकन हेतु द्वितीय पाली में शैक्षिक संवाद किया गया जिसमें जन शिक्षा केन्द्र पिपरिया के लगभग 25 शिक्षकों द्वारा अवलोकन के पश्चात अपने विद्यालय को भी बेहतर बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया। डाइट फैकल्टी द्वारा शैक्षिक संवाद के दौरान सिमरिया सानी एवं सिंगौड़ी में शिक्षक संदर्शिका के प्रभावी उपयोग से धारा प्रवाह पढ़ने हेतु चर्चा की गई। शैक्षिक संवाद में बिना अनुमति अथवा बिना सूचना के अनुपस्थित शिक्षकों को स्पष्टीकरण जारी कर कार्यवाही करने एवं अच्छा कार्य करने वाली शालाओं को जन शिक्षा केन्द्र स्तर से सराहना प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिये गए।

भ्रमण के अंत में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास विजयराघवगढ़ में छात्राओं के अकादमिक स्तर तथा एट ग्रेड अभ्यास पुस्तिकाओं की जांच की गई। छात्राओं का स्तर संतोषजनक पाया गया किंतु एट ग्रेड अभ्यास पुस्तिकाओं में पेंसिल की जगह पेन से अभ्यास करने के निर्देश दिए गए। मॉनिटरिंग के दौरान शिक्षक रचना मिश्रा,संध्या श्रीवास्तव, इंद्रभान निगम, बालकिशन विश्वकर्मा, दीपक चढ़ार, नीरोज, कृष्ण चंद्र, खुशबू ने सहयोग प्रदान किया।

---



# ऑटो चालकों में अनुशासन लाने बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ऑटो चालकों में अनुशासन लाने , यातायात के नियमों का पालन करने,नशे से दूर रहने जैसे विभिन्न विषयों को लेकर भारतीय मज़दूर संघ से संबद्ध ऑटो रिक्शा चालक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय मज़दूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी कमलेश पटेल की उपस्थिति रही। संभाग प्रभारी ने ऑटो चालकों से कहा कि अपने वाहन के कागजात हमेशा तैयार रखें और यदि कागजात बनवाने में कोई बाधा है तो संगठन इसमें पूरा सहयोग करेगा।

#### दी गई ये सलाह

यातायात नियमों का पालन करें,अपने ऑटो में अंदर की ओर स्वयं का नाम,गाड़ी नंबर, मोबाइल नंबर इत्यादि लिखें ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी होने पर वाहन चालक की जानकारी यात्री को मिल सके। ऑटो संघ के जिलाध्यक्ष राजसिंह ने सभी ऑटो चालकों को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

संघ के जिला संयोजक विशाल जायसवाल ने कहा कि भारतीय मज़दूर संघ की माँग पर,सभी रेलवे स्टेशनों पर शीघ्र ही प्रीपेड बूथ लगने वाले हैं, जिससे यात्रियों और चालकों के बीच किराए को लेकर पारदर्शिता रहेगी। इसके साथ साथ ऑटो चालकों के बीच अराजकता फैलाने वालों पर भी नजर रखने की बात बीएमएस पदाधिकारी द्वारा की गई। इस अवसर पर ऑटो रिक्शा चालक संघ के राजू जायसवाल, माधव नगर एरिया अध्यक्ष शारदा वंशकार, बलराम,राहुल एवं अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

---

### पर्यावरण संरक्षण हेतु मिट्टी के गणेश बनाने का दिया गया प्रशिक्षण

# कार्यशाला में प्रस्फुटन समितियों की सक्रियता के लिए कार्यों एवं दायित्वों का कराया गया बोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखी की सक्रियता हेतु रीठी में एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विकासखंड समन्वयक जगन सिंह मसराम ने यहां उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों को कहा कि प्रस्फुटन ग्रामों में समितियों के द्वारा समन्वय से सक्रियता पूर्वक कार्य करना है जिसमें परिषद के निर्देशानुसार दिए गए विषयों के अनुसार जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का क्रियान्वयन करना होगा। प्रस्फुटन समितियों को रचनात्मक सोच के साथ हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए सक्रियता पूर्वक प्रयास करना है।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम में संस्कार केंद्र संचालन के माध्यम से नन्हे मुन्ने बच्चों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आवश्यक संस्कारों के निर्माण, बड़ों के प्रति सम्मान का भाव, अच्छे बुरे का ज्ञान, योग आसन की जानकारी सहित बचपन से ही बड़े लोगों के प्रति आदर,सम्मान,शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति उनकी जवाबदारी का ज्ञान कराने की बात कही गई। साथ ही प्रस्फुटन समितियों द्वारा ग्राम विकास के मूलभूत विषयों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, नशा मुक्ति, स्वच्छता, जैविक एवं उन्नत कृषि पर स्वयं अपना कौशल बढ़ाते हुए ग्राम में भी एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने, सदैव जिज्ञासु रहते हुए स्वयं सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ाने हेतु प्रेरित किया

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से परिषद द्वारा प्रारंभ किए गए महत्वपूर्ण कार्यक्रम माटी गणेश, सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को मिट्टी के गणेश की प्रतिमा स्वयं बनाकर उनकी स्थापना एवं पूजन करने के साथ-साथ आमजन को भी इस हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया। साथ ही मिट्टी कलाकार मैकू लाल चक्रवर्ती के द्वारा माटी गणेश ,सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत मिट्टी के गणेश बनाने संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करके स्वयं कार्यशाला स्थल पर मिट्टी के गणेश जी बनाए और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने योगदान हेतु संकल्प यात्रा निकाली।

---

### हथियार बंद बदमाशों ने छपरवाह में किया चोरी का प्रयास



रंगनाथ थाना अंतर्गत उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह की शिवधाम कालोनी में तीन मकानों में देररात नकाबपोश चड्डी बनियान गिरोह के आधा दर्जन हथियार बंद सदस्यो ने धावा बोला। बदमाशों ने संदीप शुक्ला, मनीष शुक्ला, सुधीर शुक्ला के मकान के बाहरी परिसर में लगी लोहे की खिड़की और दरवाज़ों को काटा। इस दौरान उन्होंने तालों को भी मजबूत कटर से काटा। गनीमत रही की संदीप शुक्ला की नीद खुल गई और बदमाश भाग गए लेकिन सीसीटीवी फुटेज से स्पष्ट हो रहा है कि बदमाश पूरी तैयारी से थे और वो किसी की जान भी ले लेते। बहरहाल सूचना मिलते ही सुबह रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना करने के बाद साइबर टीम और सीसीटीवी फुटेज की मदद से बदमाशो को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुट गए हैं।

---

# जिले में अब तक 11 लाख 40 हजार से अधिक नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 11 लाख 40 हजार 277 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का लगभग 79 फीसदी है।

#### नगर परिषद कैमोर अव्वल

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में नगर परिषद कैमोर जिले में अव्वल है। जहां अब तक13 हजार 286 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 56 हजार 912 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य ही पूरा हो सका है।

#### कलेक्टर द्वारा की जा रही ई-केवाईसी कार्य की सतत समीक्षा

इसी प्रकार नगर परिषद विजयराघवगढ़ में अब तक 7 हजार 804, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 35 हजार 900 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद मे 1 लाख 87 हजार 323 और जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1लाख 69 हजार 43, जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 16 हजार 467, जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में 1 लाख 62 हजार 781 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा, जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 78 हजार 247 एवं नगर परिषद बरही में 12 हजार 514 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य हो चुका है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

---

### वसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

# मानवता सबसे बड़ा धर्म है सभी को जन और समाज सेवा पर ध्यान देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




शासकीय महाविद्यालय बरही में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा 'वसुधैव कुटुंबकम' की अवधारणा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय अमरपाटन से प्रो. के. एन. मिश्रा मुख्य अतिथि एवं वक्ता तथा डॉ रूक्मणी प्रताप सिंह शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी, वक्ता के रूप में उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में डॉ रूक्मणी प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहां कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है सभी को मिलकर जन सेवा और समाज सेवा पर ध्यान देना चाहिए।

उन्होंने कहाकिनई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत पाठयक्रम को प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, भाषा, संस्कृति, धर्म और सामाजिक स्थिति, जलवायु आदि को ध्यान में रख कर बनाया गया हैं।

मुख्य अतिथि प्रो. के. एन. मिश्रा ने बताया कि 'वसुधैव कुटुंबकम' विषय भारतीय संस्कृति और विचारधारा को दर्शाता है। ₹वसुधैव कुटुम्बकम₹ की अवधारणा प्राचीन भारतीय दर्शन और ग्रंथों, विशेष रूप से महाउपनिषद और हितोपदेश में निहित है। ये ग्रंथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और दार्शनिक विरासत का हिस्सा हैं जो हज़ारों साल पुराने हैं। प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सभी जीवों के प्रति दया का भाव रखती है एवं दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाले व्यक्ति को यह अपना परिवार मानती है साथ ही सद्भावना, प्रेम और करुणा का पाठ पढ़ाती है।कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर. जी. सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ. के. के. निगम, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, मनीष मिश्रा, प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. रूपा शर्मा, डॉ अरविन्द शुक्ला, अनीता सिंह, पवन दुबे, कैश अंसारी, डॉ. कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, रावेंद्र साकेत आदि मौजूद रहे।

---

### कृषि विज्ञान केंद्र में मनाया गया गाजर घास जागरूकता सप्ताह

# गाजरघास से होने वाले हानिकारक दुष्प्रभावों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी






कृषि विज्ञान केंद्र कटनी में गाजर घास जागरूकता सप्ताह 16 से 22 अगस्त 2025 को मनाया गया। इस अवसर पर किसानों, छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र कटनी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशंपायन के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ, कार्यक्रम का आयोजन डॉ आर पी बेन प्रशिक्षण प्रभारी द्वारा विभिन्न ग्रामों में आयोजित किया गया इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ आर.के मिश्रा, डॉ शशि गौर,,डॉ यति राज खरे, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ आर.पी बैन,डॉ के पी द्विवेदी डॉ संदीप चंद्रवंशी, प्रियंका धुर्वे ने भी गाजर घास उन्मूलन हेतु अपने विचार व्यक्त किया।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉक्टर संजय वैशंपायन ने बताया कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य किसानों और आम जनता को गाजर घास के हानिकारक प्रभावों, जैसे कि फसलों को नुकसान, त्वचा संबंधी एलर्जी और श्वसन संबंधी बीमारियों से बचाना है। वैज्ञानिक गाजर घास के जैविक नियंत्रण के लिए मैक्सिकन बीटल और रासायनिक नियंत्रण के लिए कुछ रसायनों के छिड़काव की सलाह देते हैं, साथ ही हाथ से उखाड़कर भी इसे नियंत्रित करने के तरीके बताए जाते हैं। इस अवसर पर वैज्ञानिकों ने संस्थान परिसर में तथा आस पास के गांवों में जाकर नागरिकों को गाजरघास दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और बताया कि गाजरघास न केवल फसलों की पैदावार को प्रभावित करती है, बल्कि मानव और पशुओं के स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक है। इसके पराग कण से एलर्जी, सांस लेने में परेशानी तथा त्वचा संबंधी रोग हो सकते हैं।

#### गाजरघास को उखाड़ दें

16 से 22 अगस्त 2025 तक चले इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, किसानों और आम नागरिकों को गाजरघास की पहचान करने और उसे नष्ट करने के सरल उपायों की जानकारी दी गई। संस्थान के वैज्ञानिकों व कर्मचारियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया कि परिसर तथा आस पास का क्षेत्र गाजरघास मुक्त हो। संस्थान के वैज्ञानिकों ने सामूहिक प्रयास पर ज़ोर देते हुए कहा कि गाजरघास को उखाड़कर गड्ढों में डालकर मिट्टी से ढकना या जैविक खाद के रूप में उपयोग करना सबसे कारगर तरीका है। डॉ आर.पी बैन ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास गाजरघास की बढ़वार रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएं और दूसरों को भी इसके खतरों के बारे में जागरूक करें।

---



# पुल की मरम्मत होने से ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

सिलौंडी और नेगई गांव को जोड़ने वाला करीब 30 साल पुराना पुल अब मरम्मत के बाद फिर से सुगम हो गया है। सिलौंड़ी से नेगई जाने के लिए बीच मे पड़ने वाले पुल के क्षतिग्रस्त होने,पुल के अलग अलग हिस्से के गड्ढों के कारण वाहन चालकों को दिक्कत होती थी।पैदल यात्रियों और विद्यार्थियों को लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए युवा कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष शिवा नामदेव ने कलेक्टर को समस्या से अवगत कराया था। शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी ने पहल करते हुए पुल पर मरम्मत कार्य कराया। अब पुल से आवागमन सुचारु हो गया है।ग्रामीणों को राहत है।

खबर संक्षेप

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 11 सितंबर से

**दमोह।** पितृ पक्ष के पावन अवसर पर, इस वर्ष भी बेलाताल टापू स्थित श्री शिव साईं मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन 11 सितंबर से शुरू होगा। यह कार्यक्रम पिछले 12 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है और इसका उद्देश्य पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। इस पावन कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक, पंडित कमलेश्वरानंद महाराज जी, अपने मुखारविंद से करेंगे, जिसका श्रवण पान कर सभी भक्तजन धर्म लाभ अर्जित कर सकते हैं। इस धार्मिक आयोजन में शहर के कई श्रद्धालु भाग लेंगे। पितृ पक्ष के महत्व को देखते हुए, बेलाताल में तर्पण भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय लोग अपने पितरों को श्रद्धांजलि देने के लिए उपस्थित रहेंगे।

## संत क्लारेट अनाथाश्रम में रह रहे व्यक्ति ने लगाई फांसी

**पन्ना।** नगर में संचालित संत क्लारेट अनाथाश्रम में रहने वाले एस जानसन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानसन केरल के रहने वाले थे और शासकीय कर्मचारी थे। उनके परिजन अमेरिका में रहते हैं। आश्रम के व्यवस्थापक बेबी यूवी (फादर) व पुलिस ने बताया कि जानसन बीमार चल रहे थे। शराब पीने के आदी हो चुके थे। आर्थिक रूप से सम्पन्न व्यक्ति को इस तरह अपनी जीवनलीला समाप्त करनी पड़ी। अंतिम संस्कार के लिए भी कोई नहीं आया- जानसन की मृत्यु के बाद उनके परिजनों से अमेरिका संपर्क किया गया लेकिन वहां से कोई नहीं आया। केवल लिखित सहमति भेज दी गई। जिसके बाद अनाथाश्रम के लोगों ने जानसन का अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार के लिए शव अनाथाश्रम को सौंप दिया है।

## एक ही रोड से जुड़ेंगे कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच टाइगर रिजर्व

**पन्ना।** केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए और विभिन्न सड़क परियोजनाओं की सौगात के साथ मध्यप्रदेश में टाइगर कॉरिडोर बनाने की घोषणा भी की। इसके अंतर्गत जबलपुर से बांधवगढ़ तक 4600 करोड़ रुपए की लागत से 4 लेन सड़क बनाई जानी थी, जिसे बढ़ाकर अब 5500 करोड़ रुपए किया गया है।

### आगामी त्योहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक

# सभी पर्वों को आपसी सौहार्द से मनायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



आगामी त्योहार गणेश चतुर्थी, पर्युषण पर्व, ईदमिलादुन्नबी पर्व आपसी सोहार्द से मनाए जाने एवं शहर की कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु रविवार को पुलिस थाना हटा में एसडीएम राकेश मरकाम की अध्यक्षता में एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, प्रभारी तहसीलदार शिवराम चढ़ार, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनप्रतिनिधि, समाज के सभी वर्गों के वरिष्ठजनों, पंडालों के आयोजक एवं सदस्य शामिल हुए।

बैठक में आगामी त्योहारों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर त्योहारों का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की समझाइश देकर हिदायत दी गई कि गणेश उत्सव समिति वाले प्रत्येक आयोजक अपने नाम मोबाइल नंबर सहित पुलिस थाना में दर्ज कराए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क किया जा सकें। टी सी कनेक्शन अनिवार्य रूप से लेकर पंडालों में उचित प्रकाश की व्यवस्था रखेगें। पंडालों को किसी भी स्थिति में खाली नहीं छोड़ेगें कम से कम दो व्यक्ति 24 घंटे रहेगें। पंडालों में अग्निशमन जैसे पानी, रेत आदि की व्यवस्था होनी चाहिए कोई भी पंडाल रोड़ को बाधित करते हुए न लगाये। वहीं गणेश समीतियो के सदस्यों ने पंडालों के पास साफ सफाई कराने एवं बिजली आपूर्ति संबंधी सुझाव रखें। एसडीएम ने विसर्जन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मूर्ति विसर्जन गहरे पानी में जाकर न करें तैराकों के माध्यम से विसर्जन किया जाना सुनिश्चित करें। मूर्ति विसर्जन स्थल पर प्रशासन के द्वारा लगाये गये बैरिकेटिंग एवं निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। जुलुस के दौरान डीजे की ध्वनि निर्धारित मानक से अधिक नहीं होना चाहिए। किसी भी प्रकार की भड़काऊ नारेबाजी या गाने पूर्णतः प्रतिबंधित है। डीजे वाहन के ऊपर किसी भी व्यक्ति को न बैठाए। जुलुस निकालते समय यातायात बाधित न हो इस बात का ध्यान रखा जावें। सुचारू रूप से जुलुस के संचालन हेतु वालंटियर की व्यवस्था पंडालों के अध्यक्ष एवं समितियां करेंगी।

बैठक में राम गोपाल जी मंदिर के महंत श्यामदास जी, बालाजी मंदिर महंत पंडित हरिरामदास जी, डॉक्टर सीएल नेमा, सौरभ नेमा, सोमिल हजारी, मनीष पलया, कैलाश ताम्रकार, अशोक पाराशर, बृजेश गुप्ता, रामनाथ राय, संजय जैन, विपुल जैन, मोंटू अग्रवाल, हाजी हारुन खान, यासीन खां, मजीद खान नगरपालिका से इंजीनियर जाकिर रंगरेज, अंकित निरंजन सहित नगर के सभी समुदाय के लोगों की उपस्थिति रही।

## सुदामा चरित्र ने किया आत्मविभोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

अजीतपुर खमरिया में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन शनिवार को भक्ति और भावनाओं के संगीतमय संगम के साथ हुआ। कथा के अंतिम दिवस पर कथा व्यास पंडित उमाशंकर शास्त्री ने सुदामा चरित्र का ऐसा भावपूर्ण वर्णन किया कि श्रोता आत्मविभोर हो उठे। सुदामा के श्रापित चने और श्रीकृष्ण का दिव्य स्नेह, इस प्रसंग ने न केवल धार्मिक आस्था को गहराया बल्कि मित्रता, त्याग और आत्मीयता की परिभाषा को भी जीवंत कर दिया। शास्त्री जी ने कहा कि सुदामा ने स्वयं अभाव स्वीकार कर लिया लेकिन अपने परम मित्र को वो चने नहीं दिए जो उसके दुर्भाग्य का कारण थे — और यहीं से मित्रता की अमूल्य मिसाल स्थापित हुई। कथा में रासलीला, मथुरा गमन, कंस वध, शिशुपाल वध और गीता के उपदेशों के माध्यम से समाज में प्रेम, शांति और सदाचार की आवश्यकता पर बल दिया गया। श्रोताओं को बताया गया कि हिंसा नहीं, प्रेम ही स्थायी परिवर्तन का मार्ग है। इस दौरान भजन गायकों की प्रस्तुति ने वातावरण को संगीतमय बना दिया, श्रद्धालु नृत्य करते हुए भक्ति रस में झूम उठे। बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने सहभागिता कर कथा का पुण्य लाभ प्राप्त किया। कथा व्यास उमाशंकर शास्त्री ने युवाओं को गीता के ज्ञान को जीवन में उतारने का संदेश देते हुए कहा कि इतिहास उन्हीं का स्मरण करता है, जो प्रेम और अच्छे कर्मों से समाज को दिशा देते हैं।

## श्रेष्ट कार्य करने पर किया सम्मानित



**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को नगर की कृषि उपज मंडी में आयोजित सम्पूर्णता अभियान के तहत श्रेष्ट कार्य करने बाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी के द्वारा प्रदान कर सम्मान किया गया। जहां आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधक सुमित तिवारी को राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया व शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर भी मौजूद रहे है। ज्ञात हो कि नीति आयोग भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के मार्गदर्शन में संचालित संपूर्णता अभियान के अंतर्गत 5 विभागों स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला बाल विकास एवं ग्रामीण विकास से जुड़े 06 इंडिकेटर्स में शत-प्रतिशत सेचुरेशन के लक्ष्य को प्राप्त करने पर मुख्य मंत्री मोहन यादव के द्वारा दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक द्वारा सम्पूर्णता अभियान के तहत उच्च कार्य किए जाने गोल्ड मेडल देकर विकास खंड अधिकारियों को सम्मानित किया गया था साथ ही तेंदूखेड़ा के पॉच पॉच विभागो के लगभग 48 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सम्मन किया गया है।

## गोवर्धन पर्वत पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किये 101 पौधे रोपित



**दमोह।** लोक कल्याण एवं सद्भावना समिति राजस्व कर्मचारी कल्याण संघ दमोह द्वारा जागेश्वरनाथ धाम के पास स्थित गोवर्धन पर्वत पर एक पेड़ मा के नाम अभियान अंतर्गत 101 पौधों का रोपण किया। साथ ही यह प्रतिबद्धता भी जाहिर की सिर्फ पेड़ लगाने से जिम्मेदारी समाप्त नहीं होती पेड़ लगाना अधूरा कार्य हैं, पौधा लगाकर उसके वृक्ष बनने तक इनकी देख-रेख करना ही वृक्षारोपण का पूरा कार्य है, अर्थात उसे जीवित रखना होगा। इस पर्वत पर वृक्षारोपण के लिए चुनने का मुख्य कारण यह भी है कि यहां पत्थरों की खकरी से यह पहाड़ी घिरी हुई है तथा मंदिर कमेटी के सदस्य, शिवभक्त, ग्रामीण एवं पंचायत द्वारा यहां लगाए गए वृक्षों की देखरेख की जा रही है। इसका परिणाम है कि इस पहाड़ी पर पूर्व में लगाए गए सैकड़ों पौधे अब वृक्ष बन गये हैं और निश्चित ही भविष्य में यह स्थान प्राकृतिक रूप से समृद्ध एवं रमणीक होगा। आज के वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में नायब तहसीलदार हिंडोरिया, दमोह जिले के राजस्व निरीक्षक, पटवारी, मंदिर के पुजारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## उद्यमिता संगम कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला दमोह में स्वदेशी जागरण मंच के तत्वाधान में दिनांक 23 अगस्त को उद्यमिता संगम कार्यक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल इमलाई में आयोजित किया गया। जिसमें दो महिला उद्यमी श्रीमती मनोरमा रतले गौ उत्पाद एवं श्रीमती रेखा उपाध्याय नर्सरी संचालिका का सम्मान किया गया। तत्पश्चात उन्होंने बच्चों को अपनी उद्यमी बनने के सफर को अपने संघर्षों को एवं उसके बाद मिलने वाली सफलता को साझा किया। स्वदेशी जागरण मंच की प्रांतीय महिला सह-कार्य प्रमुख डॉ सोनल राय ने कहा कि बच्चे ही भविष्य का भारत निर्माण करेंगे इसीलिए स्वदेशी की भावना उनमें अभी से आनी चाहिए इसीलिए यह कार्यक्रम हम बच्चों के बीच में ही आयोजित कर रहे हैं। स्वदेशी जागरण मंच की जिला सह संयोजक डॉ प्रिया श्रीवास्तव ने बच्चों को आगामी भविष्य में नौकरियों के ऊपर निर्भर न होकर स्वावलंबी बनने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नगर उद्यमिता प्रमुख श्रीमती कंचन असाटी ने बच्चों को माटी के गणेश जी की उपयोगिता समझाई, की किस तरह से पीओपी पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इस कार्यक्रम के बाद युवा आयाम प्रमुख दिलीप नामदेव जो की मूर्तिकार भी हैं उन्होंने बच्चों को माटी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की शिक्षिका श्रीमती सीमा नायक जी ने किया। स्वावलंबी भारत अभियान की सह-समन्वयक श्रीमती रितु अग्रवाल ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। स्वदेशी जागरण मंच सांस्कृतिक प्रमुख रवि वर्मन, नगरीय समिति में से श्रीमती दीप्ति खरे वह सुश्री विभा सोनी ने मिट्टी के गणेश बनाने में बच्चों को सहयोग किया।

## राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जबेरा के छात्र चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



संभागीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2025 का आयोजन रहली में किया गया। जिसमें बैडमिंटन प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय जबेरा की छात्रा माही बाजपेयी 17 वर्ष आयु वर्ग ने सागर संभाग में चौथा स्थान प्राप्त किया एवं 14 वर्ष आयु वर्ग में सौरभ साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया और अंतश जैन ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। ये तीनों खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में संभाग का नेतृत्व करेंगे। माही बाजपेयी इस राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में तीसरी बार और सौरभ साहू दूसरी बार अपना प्रदर्शन करने जा रहे हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता में सांदीपनि विद्यालय जबेरा से 11 खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर चयनित होकर संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिया था। विद्यालय में बैडमिंटन कोर्ट की सुविधा न होने के बावजूद ओपन ग्राउंड में तैयारी कर यह सफलता हासिल की। विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेयी के मार्गदर्शन में लगातार विगत 3 वर्षों से तैयारी करवा कर एवं कोच की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों ने यह सफलता प्राप्त की है। इस अभूतपूर्व सफलता पर गांव में हर्ष और आनंद का माहौल व्याप्त है। सांदीपनि विद्यालय जबेरा और छात्रों की इस सफलता पर प्रसन्न होकर मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी संस्कृति एवं पर्यटन विभाग मध्य प्रदेश शासन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। इसी के साथ सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन, सरपंच शिवलाल धुर्वे सहित नगर के गणमान्य नागरिक ने इन सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेयी, उपप्राचार्य अजय सिंघई एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने इन सभी बच्चों को शुभाशीष देते हुए मंगल कामना की। विद्यालय प्राचार्य संजय बाजपेयी ने इस सफलता का श्रेय बच्चों की लगन और मेहनत के साथ शिक्षकों के सहयोग और समर्पण भावना को दिया।

## जैन मिलन वरिष्ठ शाखा दमोह ने बच्चों की ड्रेस वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



ग्राम इमलिया घाट में शाला संचालक के सी जैन एवं श्रीमती सीमा जैन द्वारा संचालित 'मां भारती पब्लिक स्कूल इमलिया घाट' पहुंचकर सर्वप्रथम भक्तामर एवं आदिनाथ भगवान एवं सरस्वती प्रार्थना के बाद समस्त शाला परिवार ने शाखा के सभी सदस्यों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों का पुष्प गुच्छों से हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया किया। उसके बाद शाला संचालक के सी जैन ने स्कूल स्थापना पर अपने उद्बोधन में सर्व प्रथम स्कूल उत्प्रेरक अपनी मां को अश्रु पूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि मेरी मां हमेशा बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष जोर देती थीं उनका सोच था कि बच्चे की शुरुआती पढ़ाई अच्छी हो नींव मजबूत हो जाय तो आगे निश्चित रूप से बच्चे अपना अच्छा कैरियर बना सकते हैं, कोरोना काल में जब मां का विच्छोह हुआ तो उनके द्वारा दिये संस्कारों ने एवं मेरी श्रीमती सीमा जी ने मुझे स्कूल खोलने हेतु प्रेरित किया, हमारा उद्देश्य बच्चों को अच्छे से अच्छी शिक्षा देने का प्रयास है, अभी इसी वर्ष भवन तैयार हुआ है जिसमे 9 क्लास रूम स्टोर, ऑफिस एवं स्टॉफ रूम बनाए है एवं अन्य संसाधनो की पूर्ति करना है, शाखा वरिष्ठ एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर इजी आर के जैन, नेम कुमार जैन सराफ, यूसी जैन के सी जैन एवं ऋषभ जैन (स्टेशन मास्टर)ने अपने अपने उद्बोधन में स्कूल संचालक एवं समस्त शाला परिवार को तथा सभी बच्चों से अपने अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहकर अच्छी शिक्षा प्राप्त करने हेतु कहा शाखा अध्यक्ष वीर संतोष जैन, पारस जैन, ऋषभ जैन (खड़ेरी) आर के जैन एमपीईबी ने बच्चों को स्कूल को स्कूल नहीं विद्या का मंदिर बताया जहां भक्त के रूप में बच्चे आयें, एवं जैसे भक्त भगवान से विनम्रता पूर्वक अपनी चाहत पूर्ण कराता है, उसी तरह बच्चे शाला मे पूर्ण अनुशासन, लगन एवं पूरी विनम्रता से शिक्षा ग्रहण कर अपना अच्छा कैरियर बनाए, जिससे स्वयं का, माता पिता एवं देश का नाम रोशन कर सकें। सभी के उद्बोधन के उपरांत शाखा द्वारा विद्यालय के केजी वन से लेकर कक्षा आठवीं तक केलगभग 300 बच्चों को शानदार ड्रेस वितरित की गई, जिससे सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थित सभी लोगों को अति प्रसन्नता हुई, अंत में शाला समिति अध्यक्ष श्री मुन्ना सिंह लोधी जी ने शाखा के सदस्यों का आभार मान कर ऐसी ही सहायता की आशा प्रगट की। सम्पूर्ण कार्य क्रम के उपरांत शाखा ने अपनी मासिक बैठक भी आयोजित की, जिसमे शाखा अध्यक्ष वीर सन्तोष जैन ने पूर्व बैठक का वाचन एवं संक्षिप्त समीक्षा की। पर्वराज पर्युषण पर्व पर अन्य शाखाओं के साथ धर्म प्रभावना हेतु, धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने एवं सहयोग करने हेतु निर्णय लिया। अन्तिम दिन श्री जी की शोभा यात्रा में पूर्व वर्षों अनुसार अपनी जिम्मेदारी करना, पर्युषण पर्व उपरांत एक शाखा की सामूहिक धार्मिक यात्रा करने का प्रस्ताव पारित हुआ, इस विद्यालय की व्यवस्था एवं सहयोग हेतु प्रेरित किया गया एवं इसी परिसर में एक पौधा रोपण का कार्य क्रम तथा बच्चों को कुछ उपहार पर प्रस्ताव आया, जिस पर निर्णय अगली बैठक में होना तय हुआ। वीर यू सी जैन एवं के सी जैन साब ने खर्रा घाट एवं सत्तधरू जल परियोजना भ्रमण की इक्षा रखी जिस सभी ने सहमति बनाई अंत में शाखा सदस्य वीर आर के जैन एमपीईबी ने सभी सदस्यों एवं शाला संचालक के सी जैन एवं श्रीमती सीमा जैन जी द्वारा की गई उत्तम व्यवस्था का आभार व्यक्त कर अरिहंत वंदना के साथ बैठक सम्पन्न हुई। सभी सदस्य खर्राघाट ब्यारमा नदी के सौन्दर्य एवं सत्तधरू जल परियोजना के बांध के विहंगम दृश्य का भ्रमण तथा हथनी ग्राम में आदिनाथ जिनालय में भगवान आदिनाथ जी एवं चातुर्मासरत पूज्य माताजी के दर्शनों का लाभ लेकर शानदार यात्रा पूर्ण की।

## विहिप के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा




विश्व हिन्दू परिषद महाकौशल प्रांत हटा ईकाई द्वारा स्थापना के 61 बर्ष पूर्ण होने पर नगर के चंडी जी वार्ड में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता उमेश माधव मिश्र प्रांत मंत्री महाकौशल प्रांत रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि महंत श्यामदास जी महराज रामगोपाल जी सरकार, महंत हरीराम दास जी महाराज बालाजी सरकार, रमेश असाटी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, अमिताभ चतुर्वेदी विधि विशेषज्ञ एवं कार्यक्रम अध्यक्ष बालाराम अहिरवार जिला अध्यक्ष अहिरवार समाज, मुख्य अतिथि माधव पटेल नवाचारी शिक्षक रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री उमेश यादव मिश्र ने भारत की धरती अपने आप में उद्धृत है देश जब आजाद हुआ उसके बाद हिंदू समाज संकुचित हो गया निरहीय स्थिति में पहुंच गया इसके बाद कहानी सुनाते हुए कहा कि सियारो के बीच में एक शेर पहुंच गया तो वह सियार जैसा व्यवहार करने लगा था लेकिन एक दिन एक शेर की नजर शेर पर पड़ी तो वह उसे तालाब किनारे ले जाकर उसका चेहरा दिखाया तो उसे अपना असली चेहरा समझ आया इसके बाद जो उसने दहाड़ मारी यह कार्य करने काम किया है राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने। उन्होंने आगामी समय में कुटुंब प्रवोधन पर्यावरण, समरसता स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्यों की पांच बातों के साथ आगे चलने का युवाओं से आह्वान किया। इसके पूर्व शिक्षक माधव पटेल ने कहा कि हमें आत्म अवलोकन की आवश्यकता है कि विश्व हिन्दू परिषद के गठन पर हम कहां थे और आज हम कहां हैं। हमारा धर्म इतना सशक्त है कि आज विदेशी हमारी सभ्यता को अपना रहे हैं लेकिन हम बदलते जा रहे हैं परिषद के गठन के बाद सबसे पहले हम लोगों ने जनजातीय विद्यालय खोले। हमारा धर्म वैज्ञानिक हैं इसका उदाहरण हमें कोराना में देखने मिला हमारे पूज्य पेड़ बरगद और पीपल सबसे ज्यादा आक्सीजन देते हैं। इसके पूर्व संजू बाबा शर्मा ने परिषद के गठन की आवश्यकता उनकी शाखाओं पर चर्चा की इसके अलावा अमिताभ चतुर्वेदी ने कहा कि परिवार के उत्थान के लिए संगठित समाज की आवश्यकता है लेकिन आजकल युवा भटक रहे हैं पाश्चात्य सभ्यता की ओर जा रहे हैं सनातन संस्कृति से विमुख हो रहे हैं। शिक्षा उपदेश विहीन हो गई हम अच्छे समाज का निर्माण कैसे कर सकते हैं यह एक विचारणीय प्रश्न है। इसके अलावा विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष अजय खत्री, जिला उपाध्यक्ष बबलू राय, हटा ब्लाक अध्यक्ष भरत राय सहित अन्य हिंदू संगठनों के सदस्यों की उपस्थिति रही।

## उत्कृष्ठ पंचायतों को किया गया सम्मानित

**जबेरा।** जनपद स्तरीय **PAI** 1.0 पंचायत उन्नति सूचकांक का विमोचन एवं **PAI** 2.0 के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन रविवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष जबेरा में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवम राय, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमति रश्मि सुजान सिंह एवं बीपीओ निरपत सिंह परस्ते जनपद पंचायत के द्वारा किया गया। कार्यशाला में **ETC** नौगांव से उपस्थित मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र सिंह द्वारा 9 थीम आधारित कार्यक्रमों और **PIA** 2.0 का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में **RGSA BC** अंकित दुबे, मंथन प्रजापति सहायक ग्रेड 03 जनपद पंचायत जबेरा, कंप्यूटर ऑपरेटर रविकांत गौतम की उपस्थिति रही। जबेरा जनपद में पंचायत उन्नति सूचकांक( **PAI** 1.0 )में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों में प्रथम डूमर, द्वितीय करनपूरा, तृतीय चोपरा एवं 17 अन्य ग्राम पंचायतों को जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जनपद उपाध्यक्ष के द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। **PAI** सूचकांक पंचायतों को उनके प्रदर्शन का आकलन करने और सुधारने का अवसर प्रदान करता है। कार्यशाला में मंचासीन अतिथियों द्वारा **PAI** 1.0 वित्तीय वर्ष 2022-23 के विमोचन एव पंचायतों की रैंकिंग सुधारने सम्बन्धी जानकारी दी गयी एवं **PAI** 2.0 के वित्तीय वर्ष 2023-24 का पोर्टल पर डेटा प्रविष्टि के बारे में जानकारी और अन्य जानकारियां ग्राम पंचायत सचिव, सरपंच,ग्राम रोजगार सहायक,लाइन विभाग के अधिकारी एवं जनपद पंचायतो के अधिकारियों व कर्मचारी, **RGSA** स्टाफ के समक्ष प्रदर्शित किया गया। बीपीओ जनपद पंचायत जबेरा द्वारा बताया कि अच्छा कार्य करने हेतु पंचायत उन्नति सूचकांक के आधार पर वित्त वर्ष 23- 24 में **A** एवं **A+** कैटगरी में आने के लिए समय सीमा में सही डाटा पोर्टल पर फीड किया जाए।



### बलायपुर से उठी नशामुक्ति की लहर

# 15 गांवों ने लगाई शराब पर रोक नियम तोड़ने पर 20 हजार जुर्माना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले के बांदकपुर के ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे नशामुक्ति अभियान ने अब ठोस रूप ले लिया है। बलायपुर ग्राम पंचायत ने शराब पीने, बेचने या बनाने पर 20 हजार और शराब पीकर गांव का माहौल खराब करने वालों के खिलाफ 10 हजार तक का जुर्माना लगाने की घोषणा कर दी है। वहीं, इसके साथ ही यह अभियान आगामी दिनों में रंजरा हिनौता, टिकरी पिपरिया, सलैया, घाट पिपरिया में चलेगा और इसके पहले से ही हलगज, मुड़ारी, आनू, रियाना, जुझार, पतलोनी, लुहारी, भाटिया, बलायपुर जैसे गांवों ने शराबबंदी लागू कर दी है।

अब तक 15 से अधिक गांवों में पूर्णतः शराब बंद हो चुकी है। नशे के खिलाफ यह अभियान सिर्फ नियम नहीं, एक सामूहिक सामाजिक चेतना का आंदोलन बनता जा रहा है , जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, युवा और बुजुर्ग सभी एकजुट होकर कदम से कदम मिला रहे हैं। बलायपुर में में आयोजित जनसभा में इस निर्णय की घोषणा के साथ-साथ सभी ग्रामवासियों ने शराब मुक्त गांव का संकल्प लिया। बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा की उपस्थिति में सामाजिक अनुशासन को लेकर स्पष्ट संदेश दिया गया कि अब किसी भी कीमत पर गांव में शराब और शराब का नशा बर्दाश्त नहीं होगा।

इस मुहिम में प्रमुख रूप से मौजूद रहे मुड़ारी सरपंच मुकेश सिंह बलायपुर सरपंच बाबूलाल यादव जनपद सदस्य जगदीश यादव भगवती मानव कल्याण संगठन के जगदीश सिंह लोधी दुर्गेश दुबे सीतू पंडा जुझार से कड़ोरी सेन खड़ेरा सरपंच हीरा सिंह लोधी सचिव अजय सिंह रियाना से शिव सिंह लोधी राकेश सिंह लोधी खिलान सिंह लोधी अभिषेक सिंह लोधी नोने सिंह लोधी मिथुन सिंह लोधी सहित सभी संबंधित पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और बड़ी संख्या में ग्रामीण की उपस्तिथि रही ।

गांवों में महिलाओं और युवाओं ने इस फैसले पर गौरव और संतोष जताते हुए कहा कि अब बच्चों का भविष्य सुरक्षित होगा और सामाजिक वातावरण भी शुद्ध रहेगा।यह मुहिम न सिर्फ शराबबंदी का उदाहरण है, बल्कि एक गांव-गांव में सामाजिक क्रांति की शुरुआत मानी जा रही है।

# जीवित महिला को पोर्टल पर मृत दर्ज करने वाले सचिव को जिपं सीईओ ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने जनपद पंचायत दमोह के सीईओ हलधर मिश्रा के प्रतिवेदन पर ग्राम पंचायत बिलाई, जनपद पंचायत दमोह के सचिव सनत चौबे को निलंबित कर दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दमोह के प्रतिवेदन में सचिव सनत चौबे द्वारा ग्राम पंचायत बिलाई की महिला सदस्य श्रीमति दीपरानी पटेल / नत्थू पटेल (आईडी क्रमांक 128725354) को एसपीआर पोर्टल पर मृत दर्ज कर दिया गया था, जबकि वह जीवित हैं। यह कृत्य प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितता एवं लापरवाही की श्रेणी में पाया गया। अतः श्री सनत चौबे, सचिव ग्राम पंचायत बिलाई को म.प्र. पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती) नियम 2011 के नियम 7 एवं सहपठित म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के अंतर्गत सचिव पद से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री चौबे का मुख्यालय जनपद पंचायत दमोह कार्यालय रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता प्राप्त होगा। समग्र पोर्टल पर मृत आई.डी. रिकवरी हेतु अनुरोध ग्राम पंचायत के अधिकृत आई.डी. से हितग्राही की लाईव फोटो तथा बायोमैक्टिक्स के माध्यम से किया जाता हैं एवं उक्त प्रकरण मे उक्त कार्यवाही 19 अगस्त 2025 को की जा चुकी हैं।

ज्ञातव्य है जनसुनवाई मे ग्राम पंचायत बिलाई की दीपरानी पत्नी नत्थू पटेल की गलत तरीके से मृत किये जाने की शिकायत कलेक्टर से होने पर तत्काल ही उक्त मामले की प्रारंभिक जांच करायी गई। प्रारंभिक जांच मे यह तथ्य सामने आया कि महिला को गलत तरीके से मृत किया गया है तथा मृत रिकवरी के तत्काल निर्देश दिये गये तथा उसी दिन महिला की समग्र आई.डी. रिकवरी हेतु ग्राम पंचायत बिलाई के अधिकृत आई.डी. के माध्यम अनुरोध दर्ज कराया गया। उक्त अनुरोध क्रमांक को पोर्टल मे जाकर "अनुरोध की स्थिति जानें" में "अनुरोध आईडी द्वारा अनुरोध खोजें" मे उक्त अनुरोध आई.डी. से चेक किया जा सकता हैं।

इस सबंध में ईगर्वेनेंस मैनेजर महेश अग्रवाल ने बताया प्रकरण मे अंतिम जांच की गई जिसमे ग्राम पंचायत बिलाई द्वारा उसी दिनांक को समग्र आई.डी. रिकवरी हेतु जनपद पंचायत दमोह को पत्र जारी करके अनुरोध किया गया, निलंबन की कार्यवाही के पूर्व विधिवत जनपद पंचायत दमोह द्वारा ग्राम पंचायत बिलाई के सचिव को नोटिस 21 अगस्त को जारी किया गया। 22 अगस्त 2025 को प्रकरण की जांच निमेश राय, स.वि.वि. अधिकारी, ज.पं. दमोह द्वारा की गयी एवं हितग्राही के निवास स्थान पर जाकर जीवित होने का पंचनामा तैयार किया गया। तत्पश्चात प्रकरण जनपद पंचायत दमोह के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर स्वीकृत कर अंतिम कार्यवाही समग्र जिला कार्यालय भेजा जा चुका हैं। जिसे स्वीकृत किया जा चुका है एवं आगामी कार्य दिवस अर्थात 25 अगस्त 2025 मे आई.डी. अस्तित्व मे आ जायेगी।

## उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला आज हटा में स्थानीय कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**दमोह**। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ला आज सोमवार 25 अगस्त को शाम 07 बजे हटा आएंगे और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। आप 7:30 बजे दमोह से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कुण्डलपुर में दशलक्षण महापर्व धूमधाम से मनाया जायेगा

सुप्रसिद्ध सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में महासमाधिधारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से पर्वराज दशलक्षण महापर्व पर विविध धार्मिक आयोजनों के साथ दशलक्षण महापर्व 28 अगस्त से 6 सितंबर तक धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रचारमंत्री जयकुमार जैन जलज, धार्मिक आयोजन मंत्री अजय जैन निरमा ने बताया कि इस अवसर पर पर्वतराज पर स्थित पूज्य बड़े बाबा मंदिर में प्रातः भक्तामर महा मंडल विधान, पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, रिद्धिकलश, पूजन, विधान होगा। विद्याभवन में प्रातः अभिषेक पूजन का कार्यक्रम होगा। दोपहर में स्थानीय विद्याभवन में कुण्डलपुर जैन समाज के श्रावक परिवारों द्वारा दशलक्षण के 10 दिन अलग-अलग विधान का आयोजन भक्ति भावपूर्वक किया जाएगा। सायंकाल भक्तामर दीप अर्चना एवं पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महाआरती होगी। विद्याभवन में प्रतिदिन विधानकर्ता परिवार के यहां से महा आरती गाजे बाजे से आकर आरती ,प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। श्रीमती शिखा जैन के निर्देशन में तोता तोता लघु नाटक, सोमासती नाग का हार नाटिका, मां की ममता नाटिका, प्रश्नमंच आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी।

### संजय राय बने जिलाध्यक्ष, सचिव राजीव राय साव, नगर अध्यक्ष बने अभिषेक राय

# जिला कलचुरी समाज की जिला बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिला कलचुरी समाज की जिला बैठक का आयोजन राय चौराहा स्थित विद्या निकुंज वर्तमान जिलाध्यक्ष राजा राय के निवास में आयोजित की गई। जिसमें सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहु की पूजन अर्चना आरती के साथ बैठक का शुभारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम पूर्व संरक्षक जवाहर राय, चंदू राय, नीरज जायसवाल जबेरा, धर्मेंद्र राय बेबाक, सुनील राय, राम राम पंप, अनमोल राय एडवोकेट, सुनील राय हटा, विशाल शिवहरे, पवन राय जादूगर, मुलायम राय, अभिषेक राय, संदीप राय, पप्पू राय, हर्ष बस आदि प्रमुख लोगों ने बैठक में अपनी-अपनी बात रखी। जिसमें जिला अध्यक्ष जिला सचिव और नगर अध्यक्ष के पदों की घोषणा हुई, जिसमें सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष के पद पर संजय राय पिता सुखचैन राय को जिला अध्यक्ष चुना गया वहीं जिला सचिव पद पर राजीव राव साव और नगर अध्यक्ष के पद पर अभिषेक राय के नाम की घोषणा की गई। जिसमें सभी ब्लॉक के अध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी ने सहमति प्रदान की। अध्यक्ष राजा राय को सभी ने साधुवाद दिया उनका स्वागत किया और नए अध्यक्ष और नए पदाधिकारी का भी स्वागत किया। सर्वसम्मति से हमारे 28 अक्टूबर को होने जा रही भगवान सहस्त्रबाहु जयंती का स्थान नीलकमल गार्डन दमोह में होने का भी निर्णय लिया गया एवं आने वाले समय में परिचय सम्मेलन और जटाशंकर धाम में निर्माणाधीन मंदिर को भी गति देने पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से यह नियम भी बनाया गया अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल का होगा। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने सभी नवनियुक्त को बहुत-बहुत बधाइयां दी। बैठक का आभार नीरज जायसवाल ने माना।

# दवाओं पर जीएसटी घटाने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (AIOCD), जो देशभर के 12.40 लाख केमिस्ट्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स का प्रतिनिधित्व करता है, माननीय वित्त मंत्री एवं जीएसटी काउंसिल की चेयरपर्सन श्रीमती निर्मला सीतारमण जी से आग्रह किया है कि सभी दवाओं को 5% जीएसटी स्लैब में और गंभीर रोगों में प्रयुक्त जीवन रक्षक दवाओं को 0% जीएसटी (मुक्त श्रेणी) में रखा जाए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर जीएसटी सरलीकरण की घोषणा का स्वागत करते हुए, एआईओसीडी के अध्यक्ष जे. एस. शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि केमिस्ट स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था की अंतिम कड़ी हैं, जो सीधे 140 करोड़ नागरिकों से जुड़े हुए हैं, और दवाइयों की कीमत बढ़ने का सीधा असर आम मरीजों पर पड़ता है। आवश्यक दवाएँ जो डीपीसीओ के अंतर्गत विनियमित हैं, उन पर अतिरिक्त कर नहीं लगाया जाना चाहिए। सभी दवाएँ, विटामिन, प्रोबायोटिक्स, न्यूट्रिशनल व फूड सप्लीमेंट्स तथा बेबी फूड को 5% जीएसटी में रखा जाए। कैंसर, किडनी, हृदय रोग, दीर्घकालिक/दुर्लभ बीमारियों तथा रक्त आधारित दवाओं को 0% जीएसटी (मुक्त श्रेणी) में शामिल किया जाए। 12% जीएसटी स्लैब हटने के बाद आयुर्वेदिक दवाओं पर कर वृद्धि नहीं होनी चाहिए। रोकथाम इलाज से बेहतर है के सिद्धांत के अनुरूप निवारक दवाएँ और माइक्रोन्यूट्रिएंट सप्लीमेंट्स सस्ती और सुलभ बने रहें । 12% जीएसटी स्लैब समाप्त होने पर उस श्रेणी की सभी दवाओं को या तो 0% या 5% स्लैब में स्थानांतरित किया जाए। उच्च दर वाले जीएसटी स्लैब में पहले से खरीदे गए स्टॉक पर संशोधित दर लागू करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश अधिसूचना द्वारा जारी किए जाएँ। जे एस शिंदे और राजीव सिंघल ने दोहराया कि दवाएँ विलासिता की वस्तुएँ नहीं बल्कि जीवन रक्षक साधन हैं। जीएसटी में कटौती से लाखों मरीजों और उनके परिवारों, विशेषकर स्वास्थ्य बीमा से वंचित लोगों को सीधी राहत मिलेगी।

एआईओसीडी ने यह भी बताया कि इस ज्ञापन की प्रति तथा एक अलग पत्र माननीय बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री परिषद के अध्यक्ष श्री सम्राट चौधरी जी को भी समर्थन हेतु भेजा गया है। एआईओसीडी ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी जीएसटी काउंसिल की बैठक में सरकार एक संवेदनशील और ऐतिहासिक निर्णय लेगी-जहाँ मानवता को कठिनाई पर और करुणा को वाणिज्य पर वरीयता दी जाएगी।

# जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता सम्पन्न



दमोह। विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डॉ कानेटकर भवन दमोह में दो दिवसीय जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता आयोजित हुई। यह प्रतियोगिता दिनांक 23.8.2025 एवं 24.8.2025 को आयोजित की गई। संस्कृति महोत्सव में उद्घाटन में मुख्य अतिथि आशुतोष गुप्ता नायब तहसीलदार दमोह, अध्यक्षता रमेश व्यास हिन्नाई उमरी प्राचार्य, विशिष्ट अतिथि जिला सचिव लालजीराम पटेल, विद्यालय के व्यवस्थापक डॉ गौरीशंकर सोनी, संस्कृति महोत्सव जिला संयोजक भगवती प्रसाद दुबे मंचासीन रहें। इस प्रतियोगिता में जिला से बांदकपुर, तेजगढ़, तेंदूखेड़ा, जबेरा, पथरिया, हटा, बटियागढ़, विद्या विहार केशव नगर, मुख्य विद्यालय दमोह, कानेटकर भवन दमोह लगभग 330 भैया बहिनों ने प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। संस्कृति महोत्सव में एकल भजन एवं व्यक्ति गीत - डॉ प्रेमलता नीलम एवं सुश्री कीर्ति बर्मन, कथा कथन, भाषण, पत्र वाचन, निबंध लेखन - संजय पाठक एवं अखिलेश ठाकुर, रंगोली - श्रीमती भावना दुबे एवं श्रीमती मनोरमा रतले, मूर्तिकला एवं चित्रकला विजय सोनी, देव कृष्ण एवं राजेश सेन, गीता पाठ - चरणदास तिवारी, पंकज पांडेय, प्रश्न मंच- विवेक मोदी, प्रथमाक्षरी - संदीप तिवारी, बृजेश व्यास, श्रवण उपाध्याय, स्वरचित कविता - श्रीमती कुसुम खरे, वंदे मातरम- चंद्रकांत, कु. श्रद्धा दीदी, सरस्वती वंदना- श्रीमती विभा पलनीटकर, श्रीमती कल्याणी अठया निर्णायक के रूप में अहम भूमिका रहीं। संस्कृति और कला ही है, समाज का वास्तविक विकास करता है। समापन सत्र में मुख्य अतिथि विवेक शैण्डेय मध्य क्षेत्र के मंत्री, गौरव पटेल, समिति सदस्य नरोत्तम चौरसिया मंचासीन रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन श्री श्रीमती सुमन सोनी ने किया, अतिथि स्वागत केशव दुबे ने किया। विद्यालय के प्राचार्य ऋषभ कुमार जैन, मुख्य विद्यालय प्राचार्य राजीव तिवारी, विद्या विहार प्राचार्या डॉ स्वप्ना तिवारी, राकेश गौतम, विजय जैन, सुधीर सप्रे, भैया बहिन, अभिभावक बंधु , एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रहीं।

# मक्का की फसल पर सुअरों का कहर, बराखार के किसान बेहाल



**बनवार**। जिले की तेजगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत बीट भैंसखार की ग्राम पंचायत बीजा डोगरी के बराखर गांव में इन दिनों किसान जंगली सुअरों के आतंक से परेशान हैं। खेतों में लहलहाती मक्का की फसल को रात होते ही जंगली सुअरों के झुंड रौंद डालते हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बराखर निवासी किसान विश्वनाथ सिंह राजपूत ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष करीब 5 एकड़ में मक्का की फसल बोई है, लेकिन बीते कुछ दिनों से जंगल की ओर से आने वाले जंगली सुअर पूरी फसल को नुकसान पहुँचा रहे हैं। उन्होंने बताया कि रातभर खेतों में जागकर भी सुअरों को रोक पाना मुश्किल हो गया है। सुअरों का झुंड न केवल फसल को रौंदता है, बल्कि मिट्टी भी खोदकर खेतों को बंजर बना देता है।किसानों ने वन विभाग और प्रशासन से गुहार लगाई है कि इन जानवरों से फसल बचाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद हो जाएगी और किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ेगी।ग्रामीण अब एकजुट होकर समाधान की मांग कर रहे हैं।

# दस माह पूर्व तत्कालीन बीईओ के विरुद्ध शिकायत पर नहीं हुई कार्यवाही

### जिला शिक्षा अधिकारी पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, कमिश्नर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के एमएलबी विद्यालय के प्राचार्य एवं पूर्व प्रभारी बीईओ बीपी ठाकुर द्वारा पद का दुरुपयोग कर विगत वर्ष माह अक्टूबर में अपना स्वयं का चार माह का वेतन अनुपस्थित रहते हुए भी आहरण किया गया था जिसकी शिकायत विगत वर्ष नवंबर में दमोह कलेक्टर एवं कमिश्नर से की गई थी जिसकी जांच जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बटियागढ बीईओ को दी गई थी लेकिन उनके द्वारा आज तक कोई जांच न किए जाने पर आवेदक ने दमोह डीईओ पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कमिश्नर सागर को पुनः शिकायत कर उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की है। आवेदक राजेंद्र अवस्थी ने कमिश्नर को दिए शिकायत पत्र में उल्लेख किया कि विगत 12 नवंबर को कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को शिकायत की गई थी कि आहरण संवितरण अधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी हटा ने अपने मूल पद एमएलबी प्राचार्य का वित्तीय अधिकार का दुरुपयोग कर नियम विरुद्ध तरीके से मई 2023 से अगस्त 2023 तक का बिना वरिष्ठ अधिकारियों की स्वीकृति के वेतन का आहरण किया गया है जहां कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को जांच कराने हेतु निर्देशित किया गया था वहीं जिला शिक्षा द्वारा 9 जनवरी 2025 को बटियागढ बीईओ को जांच करने आदेश जारी किया गया था लेकिन उनके द्वारा आज तक जांच नहीं की गई। शिकायत में आवेदक अवस्थी द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी नेमा पर मामले में भ्रष्टाचार कर एमएलबी प्राचार्य बी डी ठाकुर को संरक्षण दिये जाने का आरोप लगाया है।आवेदक ने उच्च स्तरीय जांच कराने कमिश्नर सागर से लिखित शिकायत की है।अब देखना होगा कि पूर्व प्रभारी बीईओ हटा एवं वर्तमान में एमएलबी प्राचार्य द्वारा किए गए लाखों के भ्रष्टाचार की जांच में आंच कब देखने को मिलती है। लेकिन मामले में गौर किया जाए तो एक वर्ष पूर्व गंभीर मामले में कलेक्टर एवं कमिश्नर को की गई शिकायत और कलेक्टर के जांच आदेश के बावजूद भी एक वर्ष तक अधिकारियों द्वारा जांच न किया जाना वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का उल्लंघन एवं भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है किसकी चर्चा पूरे जिले के शिक्षा महकमे में फैली हुई है कि एक चपरासी द्वारा बीईओ से लेकर डीईओ सहित जिले के कई प्राचार्यों की भ्रष्टाचार की पोल खोल शिकायत कर जिले में शिक्षा विभाग की नींद हराम कर दी।

# 11 लाख दुर्वा और एक लाख लड्डुओं से भगवान वक्रतुण्ड का होगा अर्चन

**दमोह**। नगर में श्रीगणेश महायज्ञ का आयोजन 28 अगस्त से प्रारंभ होने जा रहा है जो कि 4 सितम्बर तक चलेगा। आयोजन में सनातन धर्म की मान्यताओं और भारतीय परंपराओं के अनुसार प्रतिदिन विशेष प्रकार से पूजनार्चन होगा। आयोजन को लेकर पं.चन्द्र गोपाल पौराणिक ने बताया कि श्री गणेश महायज्ञ का यह प्रथम आयोजन है जिसमें पूजन के साथ ग्यारह लाख दुर्वा एवं एक लाख लड्डुओं से अर्चन किया जायेगा। उन्होने अर्चन का महत्व बताते हुये कहा कि वेद पुराणों में इसका अत्यधिक महत्व बताया गया है जिसका पुण्य फल इस पवित्र कार्य में सहभागिता करने वाले सभी को मिलता है।

### सनातन धर्म के पर्वो को उत्साह के साथ मनाने की योजना -कपिल सोनी

पं.पौराणिक ने बताया कि गणेश सहस्त्रनाम,अथर्वशीर्ष,श्री सूक्त एवं दुर्गा सप्तसती पाठ,अर्चन एवं मार्जन के साथ चार दिवसीय कथा का भी आयोजन होगा। उन्होने बताया कि राजा मैरिज हाल में आयोजित होने वाले श्रीगणेश महायज्ञ में श्रीहरिद्रा गणपति की भी स्थापना की जायेगी। सभी प्रकार के मेवा एवं पुंगीफल से पूजनार्चन होगा। पं.पौराणिक ने बताया कि उक्त धार्मिक अनुष्ठान महायज्ञ में बालक बालिकाओं को पूजनार्चन करने मिलेगा जिसके लिये पूर्व से नाम लिखवाना होंगे। ब्रम्हमुहुत से प्रारंभ होकर देर रात्रि तक आयोजन चलेगा जिसमें सभी सनातन धर्मावलंबियों से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। सकल हिन्दु समाज के अध्यक्ष कपिल सोनी ने बताया कि सनातन धर्म के पर्वों को उत्साह उमंग के साथ मनाने एवं विप्र पुरोहितों के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प उपस्थित सकल हिन्दु समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने लिया है। बैठक में उपस्थित बडी संख्या में नगर के विप्रों,पुरोहितों का पुष्पहार से स्वागत किया गया । सनातन धर्म के विभिन समाज के लोगों के अध्यक्ष प्रतिनिधियों के साथ मातृशक्ति ने बैठक में सहभागिता की एवं एकता का परिचय दिया।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधरोपण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नगर परिषद पटेरा में शनिवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वार्ड नं.03 मुक्तिधाम में पौधरोपण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर नगर परिषद पटेरा के अध्यक्ष प्रतिनिधि पाषर्दगगण एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर परिषद ने इस अभियान के तहत जदा से जदा लगाने का संकल्प लिया है। सीएमओ प्रेम सिंह चौहान ने कहा मां जीवन की पहली शिक्षक होती हैं। उनके सम्मान में लगाया गया पौधा परिवार का हिस्सा बन जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि, यह अभियान जनसहभागिता से आगे बढ़ेगा। नगर परिषद पटेरा अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचंद अहिरवाल ने कहा इस अभियान से समाज को एक नई सोच मिलेगी जहाँ वृक्ष केवल पर्यावरण नहीं, बल्कि संवेदनाओं से भी जुड़े होंगे। हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर इस संकल्प को साकार करेंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर लाल तंतुवाय ,पार्षद प्रतिनिधि हर प्रसाद चौरसिया, पार्षद पुष्पेंद्र सोनी, पार्षद कन्नू बंसल एवं नगर परिषद पटेरा के समस्त कर्मचारी नगर के नागरिक उपस्थित रहे। नगर परिषद पटेरा सीएमओ प्रेम सिंह चौहान ने आमजन से अपील की है कि वे भी इस अभियान में भाग लें और अपनी माताओं के नाम एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।